JAI MAA SARASWATI CLASSES RAISINGHNAGAR

Weekly G.K. Dose

1. मछुआरों के संकट से निपटने के लिए भारत-श्रीलंका में समझौता

भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं जिसके अंतर्गत मछुआरों के संकट से निपटने के लिये देशों के अधिकारीयों के बीच एक हॉटलाइन स्थापित की जाएगी।

- यह, गिरफ्तार किये गए मछुआरों की वापसी के लिए प्रक्रिया भी बनाएगा और इस मुद्दे पर प्रति कुछ महीनों में मंत्री-स्तरीय बैठक भी होगी।

2. सर सीवी रमण की 128वीं जयंती मनाई

प्रतिवर्ष 07 नवंबर को, नोबेल पुरस्कार विजेता, भारत रत्न सर चंद्रशेखर वेंकट रमण की जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष उनकी 128वीं जयंती मनाई जा रही है।

- उनका जन्म 7 नवंबर, 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था।
- सर सीवी रमण को 1930 में, उनकी खोज रमण प्रभाव - प्रकाश के प्रकीर्णन जो समुद्र और साफ आसमान को नीला बनाता है, के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
-

3. वैश्विक व्यापार आशावाद सूचकांक में भारत दूसरे स्थान पर

जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए नवीनतम ग्रांट थार्नटन इंटरनेशनल बिजनेस रिपोर्ट में वैश्विक स्तर पर व्यापार आशावाद के लिए भारत को दूसरे स्थान पर रखा गया है।

- अप्रैल-जून 2016 अवधि के दौरान, भारत लगातार दो तिमाहियों तक शीर्ष पर रहने के बाद तीसरे स्थान पर था।
- इंडोनेशिया शीर्ष स्थान पर रहा जबकि फिलीपींस तीसरे स्थान पर रहा।

4. गूगल कैपिटल ने अपना नाम बदलकर 'Capital G' रखा

सबसे बड़े सर्च इंजन की एक शाखा, गूगल कैपिटल जो विकास की अवस्था वाली कंपनियों में निवेश करती है, ने अपना नाम बदलकर 'कैपिटल-जी' रख लिया है।

- पुराना GoogleCapital.com डोमेन अब CapitalG.com पर भेज दिया गया है, और Google Capital के ट्विटर खाते ने यह घोषणा की है वह @CapitalGTweets खाते के समर्थन में अब बंद हो रहा है।
- CapitalG की नई वेबसाइट ने यह सुनिश्चित किया कि उसने Snapchat में निवेश किया है।

5. एम राजेश्वर राव आरबीआई के कार्यकारी निदेशक बने

रिजर्व बैंक ने एम राजेश्वर राव को अपना कार्यकारी निदेशक (ED) नियुक्त किया है। भारतीय रिजर्व बैंक की यह नियुक्ति इस पद पर पहले कार्यरत जी महालिंगम के स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति के बाद उत्पन्न रिक्ति को भरने के लिए की गयी है।

- रिजर्व बैंक के जारी एक बयान के मुताबिक राव सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंधन, वित्तीय बाजारों के परिचालनों का विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग का काम देखेंगे।
- राव इससे पहले रिजर्व बैंक में वित्तीय बाजारों के परिचालनों का काम देखने वाले विभाग में मुख्य महा-प्रबंधक थे।

6. अविनाश खन्ना बनेंगे एनएचआरसी सदस्य

भाजपा उपाध्यक्ष अविनाश राय खन्ना का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का सदस्य बनना तय है। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली उच्चस्तरीय चयन समिति ने उनके नाम पर मुहर लगा दी है।

- पंजाब से राज्यसभा सदस्य और जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रभारी 55 वर्षीय खन्ना एनएचआरसी के सदस्य नियुक्त होने वाले संभवत: पहले सक्रिय राजनीतिज्ञ होंगे। एनएचआरसी का नेतृत्व भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश करते हैं।
-

7. एस.के. सिन्हा विशेष निदेशक, आईबी नियुक्त किए गए

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने एस.के. सिन्हा, आईपीएस (बिहार: 83) को विशेष निदेशक, इंटेलिजेंस ब्यूरो के पद पर नियुक्त किया है।

- यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी और 31 अक्टूबर, 2019 तक अर्थात सेवानिवृत्ति की तिथि अथवा अगले आदेश तक, इनमें से जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी।

8. पेट्रा क्विटोवा ने जीती 2016 WTA इलीट एकल ट्राफी

चेक गणराज्य की पेट्रा क्विटोवा (Petra Kvitova) ने 6 नवंबर 2016 को, WTA इलीट एकल ट्राफी 2016 अपने नाम की।

- चीन के हुआई में हुए मुकाबले में, उन्होंने यूक्रेन की एलीना विटोलिना को 6-4, 6-2 से हराया।
- वीनस विलियम्स इस खिताब की गत चैम्पियन थीं तथापि, क्वालीफाई करने के बाद भी उन्होंने इस संस्करण में भाग नहीं लिया।
-

9. टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विश्व रैंकिंग में सर्वोच्च

ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी 29 साल के एंडी मरे दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह स्थान नोवाक जोकोविच से हासिल किया है।

- ब्रिटेन के एंडी मरे नंबर दो से नंबर एक पर आने के इस सफर को 7 साल में पूरा कर पाए।
- मरे जब 22 साल के थे तब वो पहली बार नंबर दो खिलाड़ी बने थे। एंडी मरे सबसे उम्रदराज़ ब्रिटिश ख़िलाड़ी हैं जिन्हें विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल हुआ है।

10. पुस्तक 'एन एरा ऑफ डार्कनेस: ब्रिटिश एम्पायर इन इंडिया' जारी

उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी ने डॉ शशि थरूर द्वारा लिखित 'एन एरा ऑफ डार्कनेस: ब्रिटिश एम्पायर इन इंडिया' नामक पुस्तक का विमोचन किया।

- लेखक बताते हैं कि भारत में ब्रिटिश शासन द्वारा नियमित रूप से "अकाल, जबरन प्रवास और क्रूरता" का सहारा लिया जाता था।

11. नासा के एमएमएस अभियान ने नया गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया

नासा के मैग्नेटोस्पेरिक मल्टीस्केल मिशन (एमएमएस) ने अत्यंत उच्च जीपीएस सिग्नल तय करने में गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड कायम किया है। पृथ्वी के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार कक्षा में

सक्रिय एमएमएस उपग्रहों ने पृथ्वी की सतह से 70,000 किलोमीटर ऊपर यह रिकार्ड कायम किया है।

- एमएमएस 1 सितम्बर 2015 को ही कमिशनिंग गतिविधियां पूर्ण कर चुका है तथा अब यह साइंस मोड पर है।

12. भारत और ब्रिटेन ने दो समझौतों पर हस्ताक्षर किये

भारत और यूनाइटेड किंगडम ने दोनों राष्ट्रों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने के लिए दो समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

- यूके पीएम थेरेसा मे के 3 दिवसीय भारत दौरे पर ये हस्ताक्षर किये गए।
- इसमें से एक समझौता बौद्धिक संपदा (IP) पर और अन्य ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस बढ़ाने पर द्विपक्षीय सहयोग के लिए है।

13. केंद्र सरकार ने प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का शुभारम्भ किया

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 07 नवम्बर 2016 को 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' (पीएमएसएमए) शुरू किया है।

- पीएमएसएमए के तहत हर माह की नौ तारीख को डॉक्टर की टीम घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच करेगी।
- यूनिसेफ के सहयोग से संचालित पीएमएसएमए के तहत गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु निजी चिकित्सकों को भी अभियान में शामिल किया गया है।
- भारत में गर्भावस्था से संबंधित स्वास्थ्य मुद्दों के कारण प्रत्येक 12 मिनट में एक महिला की मौत हो जाती है।

14. भारतीय सेना ने डेमचोक मिशन पूरा किया

भारतीय सेना ने 6 नवम्बर 2016 को सफलतापूर्वक डेमचोक मिशन पूरा किया। इस मिशन के अंतर्गत लद्दाख के पूर्वी क्षेत्र डेमचोक में सिंचाई के लिए पानी की पाइपलाइन बिछाई गयी।

- इस दौरान चीनी सेना द्वारा विरोध भी जताया गया लेकिन भारतीय सेना ने मिशन में सफलता हासिल की। यह परियोजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत पूरी की गयी।

15. देश की पहली एलएनजी बस केरल में शुरु

केरल में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) से देश की पहली बस को चलाया गया। इस इको फ्रेंडली बस को केरल के सीएम पी. विजयन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हरी झंडी दिखाई।

- यह बस पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड (पीएलएल), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और टाटा मोटर्स लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से चलेगी।

16. 500, 1000 के नोट बंद

पीएम नरेंद्र मोदी ने 1000 और 500 रुपये के मौजूदा करंसी नोटों को 8 नवंबर की रात 12 बजे से बंद करने का ऐलान किया। पीएम मोदी ने कहा, ' हम जाली नोटों और करप्शन के खिलाफ जो जंग लड़ रहे हैं, इससे उस लड़ाई को ताकत मिलने वाली है।

- इसलिए 9 नवंबर को पूरे देश में एटीएम काम नहीं करेंगे, जबकि 10 नवंबर को भी देश के कुछ इलाकों में एटीएम बंद रह सकते हैं।
- 11 नवंबर से 30 दिसंबर तक 500 और 1000 रुपए के नोट बैंकों और डाकघरों में जमा कराए जा सकते हैं। 4000 रुपये की मुद्रा मूल्य का प्रति दिन एक सरकारी पहचान पत्र दिखा कर 24 नवंबर तक किसी भी बैंक या पोस्ट ऑफिस से आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- इन पुराने नोटों के बदले सरकार 500 व 2000 रुपए के नए नोट ला रही है। नये 500 रु के नोट पर लाल किला व 2000 के नोट पर मंगलयान अंकित होगा।

17. लन्दन में 600 मिलियन पौंड के मसाला बांड सूचीबद्ध होंगे: यूके

ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की है कि 600 मिलियन पौंड के 4 रुपया-नामित बांड, अगले तीन महीनों में लन्दन में सूचीबद्ध होने की संभावना है।

- यह घोषणा प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने की है। बांड, भारत के राजमार्ग और रेल नेटवर्क के विस्तार को वित्त उपलब्ध कराएँगे।

18. रत्नेश कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा कैपिटल मार्केट्स के प्रबंध निदेशक, सीईओ नियुक्त

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा बॉब ने रत्नेश कुमार को अपनी निवेश बैंकिंग अनुषंगी बीओबी कैपिटल मार्केट्स का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है।

- इससे पहले रत्नेश स्टैंडर्ड चार्टेड सिक्युरिटीज इंडिया के भी मुख्य कार्यकारी अधिकारी रह चुके हैं।

19. ट्युनीशियाई प्रधानमंत्री समेत चार को जमनालाल बजाज पुरस्कार

प्रसिद्ध गांधीवादी और ट्यूनीशिया की एन्नाह्धा पार्टी के अध्यक्ष शेख रचेड घनौची 2016 के लिए 39 वें जमनालाल बजाज फाउंडेशन पुरस्कार से सम्मानित चार प्रमुख हस्तियों में शामिल है।

- अन्य प्राप्तकर्ता हैं: वृक्षमित्र के मोहन हीराबाई हीरालाल और निम्बकर कृषि अनुसंधान संस्थान के संस्थापक बौनेबिहारी विष्णु नीम्बकर, दोनों महाराष्ट्र से हैं और श्री वेंकटेश्वर

बाला कुटीर और आंध्र प्रदेश में चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक-सचिव नन्नापनेनी मंगा देवी।

- पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र, एक ट्रॉफी और 10 लाख रुपए नकद शामिल है।

20. प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र खोलने का फैसला

केन्द्र ने लोगों को कौशल प्रशिक्षण देने और उन्हें रोजगार करने में सक्षम बनाने के लिए प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र खोलने का फैसला किया है।

- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि इन केन्द्रों के जरिए एक मानक तैयार कर प्रशिक्षुओं के कौशल स्तर को बढाया जाएगा ताकि वे ज्यादा पैसे कमा सकें।

21. स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लॉन्च की 'नो मोर टेंशन' ऐप

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'नो मोर टेंशन' नाम की एक ऐप लॉन्च की है। इस मौके पर मंत्रालय की त्रैमासिक पत्रिका 'स्वस्थ भारत- एक पहल' भी जारी की।

- इसका ईबुक संस्करण भी सभी के लिए उपलब्ध होगा।
- डिजीटल इंडिया के तहत इस लांच का उद्देश्य जन स्वास्थ्य को प्राथमिकता तथा नागरिक केन्द्रित स्वास्थ्य सेवाएं देना है।

22. बिजली वितरण सुधारने हेतु एडीबी, असम को देगा $48 मिलियन लोन

बिजली वितरण तंत्र सुधारने में असम की सहायता के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) और असम सरकार ने $48 मिलियन की एक डील पर हस्ताक्षर किये हैं।

- असम बिजली क्षेत्र निवेश कार्यक्रम को वित्त उपलब्ध कराने के लिए, एडीबी बोर्ड द्वारा जुलाई 2014 में मंजूर किये गए बहु किस्ती 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर ऋण की यह दूसरी क़िस्त है।
- इससे असम को बिजली वितरण क्षमता बढाने व सुधारने में मदद मिलेगी।

23. कॉर्पोरेशन बैंक व भारतीय सेना के बीच एमओयू

कॉर्पोरेशन बैंक ने रक्षा वेतन के लिये भारतीय थल सेना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

- इसके तहत बैंक आर्मी को मुफ्त/छूटशुदा सेवा उपलब्ध करायेगा।
- इन सेवाओं में फ्री ड्राफ्ट, चेकबुक, आरटीजीएस/एनईएफटी के जरिये फंड ट्रांस्फर, एटीएम कार्ड आदि शामिल है।

24. डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति चुने गये

बिलियनर-नेता डोनाल्ड ट्रंप संयुक्त राज्य अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति चुने गए है।

- रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने इलेक्टोरल कॉलेज के 538 सदस्यों में से 276 सदस्यों का समर्थन प्राप्त करते हुए डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंदी हिलेरी क्लिंटन को हराया।
- राष्ट्रपति चुने गए ट्रंप अमेरिका के स्थापना दिवस 20 जनवरी, 2017 को औपचारिक रूप से ओवल ऑफिस का कार्यभार सँभालने के लिए शपथ लेंगे।

25. स्टील अथॉरिटी गोल्डन अवार्ड pikoka

इस वर्ष कॉर्पोरेट गवर्नेंस के लिए 'महारत्न' फर्म, भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) को प्रतिष्ठित गोल्डन पिकॉक अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

- निदेशक संस्थान भारत द्वारा स्थापित पुरस्कार को राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी कुमार ने 16 वें लंदन वैश्विक सम्मेलन के दौरान ग्रहण किया।

26. अमिताव घोष को मिलेगा टाटा लिटरेचर लाइव! लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

भारतीय साहित्य में, उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में 60 वर्षीय भारतीय अमेरिकी लेखक अमिताव घोष को 2016 टाटा लिटरेचर लाइव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए नामित किया गया है।

- 20 नवंबर को होने वाले टाटा लिटरेचर लाइव! मुंबई साहित्य महोत्सव वार्षिक पुरस्कार समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

27. पूर्व अमेरिकी अटार्नी जनरल जेनेट रेनो का निधन

अमेरिकी की पहली महिला अटार्नी जनरल जेनेट रेनो का निधन पार्किंसंस रोग के कारण 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

- अमेरिकी की पहली महिला अटार्नी जनरल जेनेट रेनो ने बिल क्लिंटन के कार्यकाल के दौरान 1993 से 2001 के बीच अटार्नी जनरलके रूप में सेवा दी थी।

28. राष्ट्रपति को राज्यपाल राम नाईक की पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' भेंट

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक की मूल रूप से मराठी में लिखित पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' के हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू एवं गुजराती संस्करण राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भेंट की गई।

- लोकार्पण के बाद पुस्तक की प्रथम प्रति राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा भेंट की गयी।
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'चरैवेति! चरैवेति!!' जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देती है।

29. चीन ने पल्सर नेविगेशन उपग्रह का प्रक्षेपण किया

चीन ने एक नौवहन (नेविगेशन) उपग्रह प्रक्षेपित किया है, जो नई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए पल्सर डिटेक्टरों का उपयोग कर, कक्षा-प्रयोगों का संचालन करेगा।

- एक्स-रे पल्सर नौवहन उपग्रह का प्रक्षेपण जिउकुआन प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।
- कक्षा में रहते हुए, उपग्रह अपनी डिटेक्टर कार्यों और अंतरिक्ष के वातावरण अनुकूलन क्षमता के परीक्षण से गुजरेगा ।

30. केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री युवा योजना आरंभ की

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा प्रधानमंत्री युवा योजना आरम्भ की. इसका उद्देश्य युवा लोगों में उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

- यह योजना पांच वर्ष (2016-2021) के लिए आरंभ की गयी है, इसका कुल व्यय 499.94 करोड़ रुपये होगा।
- इसमें 7 लाख छात्रों को पांच वर्षों तक उद्यमिता शिक्षा प्रदान की जाएगी।
- योजना के अंतर्गत युवाओं को सूचना तक सहज पहुंच, क्रेडिट एवं संरक्षक नेटवर्क के लिए सुविधा प्रदान की जाएगी।

31. 11 नवंबर से एटीएम से निकलेंगे ₹50 के नोट

आरबीआई ने बताया है कि 11 नवम्बर से एटीएम और कैश डिस्पेंसिंग मशीन से ₹50 के नोट भी निकलेंगे।

- वर्तमान में एटीएम से न्यूनतम 100 रुपये का नोट ही निकलता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई ने बताया कि सभी एटीएम और कैश निकालने वाली मशीनों में इस तरह से परिवर्तन किया जाएगा ताकि उससे 100 और 50 रुपए के नोट भी आसानी से निकला करेंगे।

32. मिस्त्री की जगह इशात हुसैन बने टीसीएस के अंतरिम चेयरमैन

टाटा संस ने पिछले महीने बर्खास्त किये गए साइरस मिस्त्री की जगह, इशात हुसैन को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है।

- हुसैन कार्यकारी निदेशक (ईडी) के रूप में 1 जुलाई, 1999 को टाटा संस के बोर्ड में शामिल हुए थे. अप्रैल 2005 में, हुसैन व्यापार बोर्ड के सदस्य नियुक्त किये गए थे।

33. भारतीय मूल की कमला हैरिस बनी अमेरिकी सिनेटर

अमेरिका में पहली बार किसी भारतीय मूल के नागरिक कमला हैरिस को यूएस सिनेटर चुना गया है।

- कमला ने अपने प्रतिद्वंदी लोरेटा सांचेज को भारी अंतर से हराया।
- वह बारबरा बॉक्सर का स्थान लेंगी जिन्होनें करीब दो दशक तक सेवा देते हुए 2014 में संन्यास ले लिया था।

34. नारायण दत्त तिवारी उत्तराखंड रत्न से सम्मानित

उत्तराखंड की स्थापना की 17वीं जयंती के अवसर पर, राज्य के मुख्यमंत्री हरीश रावत ने 9 नवम्बर 2016 को नारायण दत्त तिवारी को उत्तराखंड रत्न से सम्मानित किया।

- एनडी तिवारी तीन बार उत्तर प्रदेश एवं एक बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।
- राज्य सरकार ने पहली बार राज्य स्थापना दिवस पर उत्तराखंड रत्न सम्मान देने का निर्णय लिया

35. राज बिसारिया और बंसी कौल को मिलेगा राष्ट्रीय कालिदास सम्मान

मध्य प्रदेश सरकार राष्ट्रीय कालिदास सम्मान से वर्ष 2015-16 के लिए लखनऊ के सुविख्यात रंगकर्मी पद्म श्री से सम्मानित, राज बिसारिया और 2016-17 के लिए भोपाल एवं नई दिल्ली में सक्रिय सुप्रतिष्ठित रंगकर्मी एवं परिकल्पक बंसी कौल को विभूषित किया जाएगा।

- मध्य प्रदेश सरकार ने पहली बार यूपी के किसी कलाकार का इस सम्मान हेतु चयन किया है।
- सम्मान उन्हें 10 नवंबर 2016 को उज्जैन की कालिदास अकादमी में राज्यपाल ओमप्रकाश कोहली द्वारा प्रदान किया जाएगा।

36. भारत दूसरे नेत्रहीन टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा

भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) ने कहा कि भारत अगले वर्ष दूसरे नेत्रहीन ट्वंटी-20 विश्वकप की मेजबानी करेगा जिसका आयोजन अगले वर्ष 31 जनवरी से होगा।

- नेत्रहीन ट्वंटी-20 विश्वकप के लिए पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ को ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किया है।
- पहला नेत्रहीन ट्वंटी-20 विश्वकप भारत ने 2012 में बंगलुरु में जीता था।

37. जापान ने भारत के साथ परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए

जापान भारत के साथ परमाणु सहयोग समझौते पर एक ऐतिहासिक असैन्य पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के बीच परमाणु क्षेत्र में समझौते, उद्योग गठबंधन रास्ता साफ करने के लिए किया गया था।

- दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नौ अन्य समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए।
- दोनों देशों के बीच हुए समझौतों में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग से जुड़ा करार शामिल है जो स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी के निर्माण के संदर्भ में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है।

38. अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में पहली बार हिंदी को जगह

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भारतीयों के दबदबे की बानगी देखने को मिली। पहली बार मतदान के बाद दिए जाने वाली धन्यवाद पर्ची पर हिंदी को स्थान मिला।

- अंग्रेजी, स्पेनिश और चीनी भाषा के साथ-साथ इस बार हिंदी को भी इसमें जगह दी गई थी।

39. मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2017 शुरू किया

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने 9 नवम्बर 2016 को विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्र निर्माण करने वाला प्रोग्राम 'स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2017' शुरू किया।

- देश की समस्याओं को मिटाने तथा सुशासन लाने में अब बड़ी संख्या में देश के छात्रों को जोड़ा जाएगा।
- राष्ट्र निर्माण के हित में डिजिटल समाधान तलाशने का विश्व का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न सरकारी मंत्रालयों से मिले 250 समस्याओं को जारी किया गया है।

40. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग वर्ष 2018 में आइसीएन वार्षिक सम्मेलन हेतु चयनित

अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता नेटवर्क (आइसीएन) ने 9 नवम्बर 2016 को घोषणा की कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग वर्ष 2018 में आइसीएन वार्षिक सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

- यह सम्मेलन मार्च-अप्रैल 2018 में नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा।

41. सिटी यूनियन बैंक ने लांच किया देश का पहला बैंकिंग रोबोट

देश को पहला बैंकिंग रोबोट मिल गया है। इसे चेन्नई के कुंबाकोनम के सिटी यूनियन बैंक में लॉन्च किया गया।

- जापान के सॉफ्ट बैंक ने पहली बार बैंकिंग रोबोट लांच किया था।

- इसका नाम 'लक्ष्मी' रखा गया है। यह रोबोट कस्टमर्स के 125 तरह के सवालों के जवाब दे सकता है।

42. महाराष्ट्र व कनाडा के बीच शहरी अधोसंरचना & स्मार्ट सिटी पर एमओयू

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में शहरी अधोसंरचना विकास के लिए कनाडा के साथ एक संयुक्त कार्ययोजना पर हस्ताक्षर किये हैं।

- शहरी विकास और राज्य के नेतृत्व वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए, महाराष्ट्र-कनाडा कार्य योजना कंपनियों को पेश करना, समाधान और उत्तर अमेरिकी देशों से वित्त प्राप्त करने पर कार्य करेगी।

43. जी. महालिंगम सेबी के नए पूर्णकालिक सदस्य

गुरुमूर्ति महालिंगम ने सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

- वे एकीकृत निगरानी विभाग, निवेश प्रबंधन विभाग, प्रवर्तन विभाग (ED), विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एवं संरक्षकों, सामूहिक निवेश योजनाओं, और आर्थिक और नीति विश्लेषण विभाग का काम देखेंगे।

44. चीन के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मेंग होंगवेई इंटरपोल प्रमुख नियुक्त

चीन के गृह और जनसुरक्षा उपमंत्री मेंग होंगवेई को अंतरराष्ट्रीय अपराध विरोधी पुलिस संगठन (इंटरपोल) का प्रमुख चुना गया है।

- जन सुरक्षा उप मंत्री मेंग होंगवेई इस प्रतिष्ठित पद पर पहुंचने वाले प्रथम चीनी हैं। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से कर दी गई है।
- होंगवेई ने बाली में इंटरपोल की 85वीं महासभा में अपने पूर्वाधिकारी फ्रांस के मिरेल बलेस्त्राजी से यह पदभार ग्रहण किया।

45. गॉय राइडर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक पुनर्निर्वाचित

गॉय राइडर को एक और पांच साल के कार्यकाल के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन(आईएलओ) के महानिदेशक (डीजी) के रूप में फिर से निर्वाचित किया गया है। वह 1 अक्टूबर 2017 को पद ग्रहण करेंगे।

- राइडर ने नाममात्र के सदस्यों द्वारा डाले 56 वोट में से 54 प्राप्त किये। वह इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे।
- राइडर अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के 10 वें महानिदेशक है।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन संयुक्त राष्ट्र श्रम मुद्दों से निपटने के लिये एक एजेंसी है। इसके 187 सदस्य देश है।

46. रोजर फेडरर ने जीता स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप अवार्ड

विश्व के पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी रोजर फेडरर ने एटीपी अवार्ड्स में, अपने करियर में 12वीं बार स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप अवार्ड जीता।

- यह पुरस्कार उन खिलाडियों को दिया जाता है जो कोर्ट पर "खेल भावना" का प्रदर्शन करते हैं।

47. वेस्टर्न रेलवे मुंबई ने हरियाणा इलेवन को 4-2 से हरा जीती ट्रॉफी

10 नवम्बर 2016 को 33वें इंडियनऑयल सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के महिला वर्ग में वेस्टर्न रेलवे मुंबई ने खिताब अपने नाम किया।

- टीम ने सुरजीत स्टेडियम जालन्धर में खेले गये फाइनल में हरियाणा की टीम को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

48. ऑलराउंडर पीटरसन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व आलराउंडर रॉबिन पीटरसन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा कर दी।

- 37 वर्षीय पीटरसन ने 2002 में चैंपियंस ट्रॉफी से अपने अंतर्राष्ट्रीय कैरियर की शुरुआत की थी।
- रॉबिन पीटरसन ने अपने कैरियर में 15 टेस्ट, 79 वनडे तथा 21 ट्वंटी-20 मुकाबले खेले।